Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

>

Title: Need to declare Kandla-Ambaji via Khed Brahma and Shyamla-Madhya Pradesh and Ahmedabad-Abu Road route as a National Highway.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा का मुख्यालय पालनपुर कई बड़े शहरों के बीच में है। कांडला एवं श्यामलाजी वाया अम्बा जी, अहमदाबाद एवं आबू रोड़ को आने जाने के लिए पालनपुर शहर का प्रयोग किया जाता है। इन शहरों के पर्यटन केन्द्र एवं धार्मिक केन्द्रों को आने जाने के लिए पालनपुर से आया जाया जाता है। परन्तु पालनपुर से इन शहरों को जाने के लिए कोई अच्छी सड़क नहीं है और न ही सड़क की कोई अच्छी सुविधा हे। जिससे इन पर्यटन केन्द्र और धार्मिक केन्द्रों को जाने वालों को बडी ही दिक्कत होती हे। इस संबंध में सरकार से काफी वर्ों से इस संबंध में मांग की जा रही है, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सड़क बनने से पर्यटन केन्द्रों को बढ़ावा मिलेगा और उत्तर गुजरात के औद्योगिक पिछड़ेपन को दूर करने में सहायता मिलेगी।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि कांडला से अम्बाजी, खेड़ ब्रहा एवं श्यामला जी होते हुए मध्य प्रदेश तक के लिए एवं अहमदाबाद से आबू रोड़ जाने के लिए एक राट्रीय राजमार्ग घोाित किया जाये, जिससे पर्यटन केन्द्र को बढ़ावा मिल सके।